बालभवन बालिका विद्यापीठ लखीसराय

कक्षा -पंचम्   दिनांक -16-09-2020

विषय -हिन्दी   विषय शिक्षक -पंकज कुमार

एन, सी, ई, आरटी, पर आधारित

सुप्रभात बच्चों आज श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द के बारे में अध्ययन करेंगे।

समोच्चरित शब्द / भिन्नार्थक शब्द

जो शब्द सुनने और उच्चारण करने में समान प्रतीत हों, किन्तु उनके अर्थ भिन्न - भिन्न हों, वे श्रुतिसमभिन्नार्थक / समत्रुत-भिन्नार्थक / समोच्चरित शब्द कहलाते हैं।

शब्द		**अर्थ**
अनल	-	आग
अनिल	-	हवा, वायु
कुल	-	वंश
कूल	-	किनारा

शर	-	बाण
सर	-	तालाब
अवधि	-	समय
अवधी	-	अवध की भाषा
प्रमाण	-	सबूत
प्रणाम	-	नमस्कार

अचार	-	आम, नीम्बू आदि का अचार
आचार	-	आचरण
अपेक्षा	-	उम्मीद, तुलना में
उपेक्षा	-	अनादर
कपट	-	धोखा
कपाट	-	दरवाज़ा
दिशा	-	तरफ़
दशा	-	हालत

द्वार	-	दरवाज़ा
द्वारा	-	के माध्यम से
नादान	-	बेसमझ
निदान	-	इलाज

लिखकर याद करें।